67. निम्नलिखित में से किस एक वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की संवृद्धि दर, उपादान लागत पर और स्थिर कीमतों (1999 – 2000) पर सर्वोच्च थी ?

(a) 2006 – 07

(b) 2005 – 06

(c) 2004 – 05

(d) 2007 – 08

68. Which of the following are India's average growth rates of GDP at factor cost (at 1999 – 2000 prices) in the Ninth Five Year Plan and Tenth Five Year Plan respectively ?

(a) 6·0 percent, 8·0 percent

(b) 5·5 percent, 7·8 percent

(c) 5·5 percent, 7·4 percent

(d) 5·8 percent, 8·5 percent

69. In which one of the following years of the Tenth Five Year Plan was the growth rate in India's per capita income (at 1999 – 2000 prices) the highest ?

(a) 2003 – 04

(b) 2004 – 05

(c) 2005 – 06

(d) 2006 – 07

70. Which of the following are the limitations of national income estimation in India ?

1. Output of non-monetized sector
2. Non-availability of data about income of small producers or household enterprises
3. Unreported legal income
4. Inflation

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 4 only

71. Which one of the following is the targeted rate of growth of agriculture in India during the Eleventh Five Year Plan ?

(a) 2 percent

(b) 3 percent

(c) 4 percent

(d) 5 percent

72. Which of the following observations were made by the National Knowledge Commission with regard to their national survey on innovation ?

1. Innovation intensity has increased for large firms and small and medium enterprises (SME).
2. SMEs are registering greater increase in innovation than large firms.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

73. Which of the following statements is/are correct ?

A rise in per capita income does ***not*** automatically imply an increase in economic welfare because

1. distribution of income is not known.
2. rate of growth is not known.
3. it suffers from the limitations of averages.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

68. क्रमशः नवीं एवं दसवीं पंचवर्षीय योजनाओं में उपादान लागत पर (1999 – 2000 की कीमतों पर) भारत के सकल घरेलू उत्पाद की औसत संवृद्धि दरें निम्नलिखित में से कौनसी हैं ?

(a) 6·0 प्रतिशत, 8·0 प्रतिशत

(b) 5·5 प्रतिशत, 7·8 प्रतिशत

(c) 5·5 प्रतिशत, 7·4 प्रतिशत

(d) 5·8 प्रतिशत, 8·5 प्रतिशत

69. दसवीं पंचवर्षीय योजना के निम्नलिखित वर्षों में से किस वर्ष में भारत की प्रति व्यक्ति आय (1999 – 2000 की कीमतों पर) की संवृद्धि दर सर्वाधिक रही है ?

(a) 2003 – 04

(b) 2004 – 05

(c) 2005 – 06

(d) 2006 – 07

70. निम्नलिखित में से कौन-कौनसी भारत में राष्ट्रीय आय अनुमान की सीमाएँ हैं ?

1. मुद्राहीन क्षेत्रक का उत्पादन
2. छोटे उत्पादकों या गृह उद्यमों की आय के बारे में आंकड़ों का न मिल पाना
3. असूचित विधिक आय
4. मुद्रास्फीति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 4

71. निम्नलिखित में से कौनसी एक, भारत में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि की लक्ष्याधीन संवृद्धि दर है ?

(a) 2 प्रतिशत

(b) 3 प्रतिशत

(c) 4 प्रतिशत

(d) 5 प्रतिशत

72. राष्ट्रीय ज्ञान आयोग द्वारा नवप्रवर्तन के अपने राष्ट्रीय सर्वेक्षण के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा/से प्रेक्षण किए गए थे ?

1. नवप्रवर्तन की तीव्रता बड़ी फर्मों तथा छोटे व मध्यम उद्यमों (SME) में बढ़ी है ।
2. नवप्रवर्तन में छोटे व मध्यम उद्यम (SME) बड़ी फर्मों की अपेक्षा अधिक वृद्धि दर्ज कर रहे हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

73. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि आर्थिक कल्याण में स्वतः ही वृद्धि सुनिश्चित ***नहीं*** करती, क्योंकि

1. आय का वितरण पता नहीं होता है ।
2. संवृद्धि दर पता नहीं होती है ।
3. यह औसतों की सीमाओं से प्रभावित होती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

74. Which of the following is/are the targets for elementary education during the Eleventh Five Year Plan in India ?

1. Universal enrolment of 6 – 14 years age group children including the hard-to-reach segment.
2. All gender, social and regional gaps in enrolments to be eliminated by 2011 – 12.
3. Levelling of institutions for equality.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

75. In which one of the following years was the National Food Security Mission launched ?

(a) 2003 – 04
(b) 2004 – 05
(c) 2006 – 07
(d) 2007 – 08

76. The total public sector outlay in the Eleventh Five Year Plan (Central, State and Union Territories) is estimated at about

(a) Rs. 30 lakh crores
(b) Rs. 36 lakh crores
(c) Rs. 40 lakh crores
(d) Rs. 46 lakh crores

77. Which of the following are included in broad money ($M_3$) in India ?

1. Currency with the public
2. Demand deposits with banks
3. Time deposits with banks
4. 'Other' deposits with RBI

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1 and 2 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

78. Which one of the following is the prescribed investment limit for medium enterprises in the manufacturing sector as per the Micro, Small and Medium Enterprises Development Act, 2006 ?

(a) More than Rs. 10 lakhs and less than Rs. 2 crores
(b) More than Rs. 2 crores and less than Rs. 5 crores
(c) More than Rs. 5 crores and less than Rs. 10 crores
(d) More than Rs. 10 crores

79. In which one of the following core infrastructure industries in India was the growth rate highest in the year 2006 – 07 ?

(a) Petroleum refinery products
(b) Finished steel
(c) Cement
(d) Electricity

74. निम्नलिखित में से कौन सा/से भारत में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रारम्भिक शिक्षा का/के लक्ष्य है/हैं ?

1. 6 – 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का, जिस खण्ड तक पहुँच कठिन है उसके समेत, सार्वभौमिक नामांकन करना ।
2. नामांकन में सभी लिंग, सामाजिक एवं क्षेत्रीय अन्तरों को 2011 – 12 तक समाप्त करना ।
3. समानता लाने के लिए संस्थानों का समतलन करना ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

75. निम्नलिखित में से किस एक वर्ष में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन को प्रारम्भ किया गया था ?

(a) 2003 – 04

(b) 2004 – 05

(c) 2006 – 07

(d) 2007 – 08

76. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (केंद्र, राज्य तथा संघ राज्यक्षेत्र) में कुल सार्वजनिक क्षेत्रक परिव्यय का लगभग कितना अनुमान किया गया है ?

(a) 30 लाख करोड़ रु.

(b) 36 लाख करोड़ रु.

(c) 40 लाख करोड़ रु.

(d) 46 लाख करोड़ रु.

77. भारत में निम्नलिखित में से किस-किस को स्थूल मुद्रा ($M_3$) में सम्मिलित किया जाता है ?

1. लोगों के पास करेन्सी
2. बैंकों के पास माँग जमाएँ
3. बैंकों के पास मियादी जमाएँ
4. भारतीय रिज़र्व बैंक के पास 'अन्य' जमाएँ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

78. माइक्रो, स्माल एण्ड मीडियम एंटरप्राइजेज डेवलपमेंट ऐक्ट, 2006 के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसी विनियोग सीमाएँ हैं जो विनिर्माण क्षेत्रक के माध्यमिक उद्यमों के लिए निर्धारित हैं ?

(a) 10 लाख रु. से अधिक एवं 2 करोड़ रु. से कम

(b) 2 करोड़ रु. से अधिक एवं 5 करोड़ रु. से कम

(c) 5 करोड़ रु. से अधिक एवं 10 करोड़ रु. से कम

(d) 10 करोड़ रु. से अधिक

79. भारत में वर्ष 2006 – 07 में निम्नलिखित क्रोड आधारिक-संरचना उद्योगों में से किस एक में सर्वाधिक संवृद्धि दर रही है ?

(a) पेट्रोलियम शोधक संयंत्र के उत्पाद

(b) तैयार स्टील

(c) सीमेन्ट

(d) विद्युत्

80. Which one of the following shares in the net proceeds of shareable Central taxes has been recommended for the States by the Twelfth Finance Commission ?

(a) 29·00 percent

(b) 28·50 percent

(c) 30·50 percent

(d) 31·25 percent

81. Consider the following important sources of tax revenue for the Central Government budgeted for the year 2008 – 09 :

1. Corporation tax
2. Taxes on income other than Corporation tax
3. Customs
4. Union excise duties

Which one of the following is their correct descending order in terms of gross tax revenue ?

(a) 1 – 2 – 4 – 3

(b) 1 – 2 – 3 – 4

(c) 3 – 1 – 2 – 4

(d) 2 – 3 – 1 – 4

82. Consider the following statements with respect to a duopoly market with firms A and B :

1. If both firms act as followers, then they will have reaction functions.
2. If firm A acts as leader and firm B acts as follower, then firm A will not have any reaction function.
3. If both firms act as leaders, then the outcome is economic warfare.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 1 and 3 only

(d) 2 and 3 only

83. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I | List II |
|---|---|
| A. Market failure | 1. Net loss of total surplus |
| B. Externalities | 2. Maximisation of aggregate consumers' and producers' surplus |
| C. Economic efficiency | 3. The impact of one person's actions on the well-being of other persons |
| D. Dead weight loss | 4. When prices fail to provide proper signals to consumers and producers |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

84. Consider the following :

According to Ricardian theory of distribution

1. rent is price determined.
2. land is supposed to have various alternative uses.
3. marginal land earns no rent.
4. rent is a surplus in the sense that it is an excess over transfer earnings.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 4

(b) 1, 3 and 4

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 4 only

**80.** बारहवें वित्त आयोग द्वारा सहभाजनीय केंद्रीय करों की शुद्ध प्राप्तियों का निम्नलिखित में से कौनसा एक अंश राज्यों के लिए अनुशंसित किया गया है ?

(a) 29·00 प्रतिशत

(b) 28·50 प्रतिशत

(c) 30·50 प्रतिशत

(d) 31·25 प्रतिशत

**81.** केन्द्रीय सरकार के वर्ष 2008 – 09 के बजट में दिए गए कर राजस्व के निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण स्रोतों पर विचार कीजिए :

1. निगम कर
2. आय पर निगम कर के अतिरिक्त कर
3. आयात शुल्क
4. केन्द्रीय उत्पाद शुल्क

सकल कर राजस्व के आधार पर निम्नलिखित में से कौनसा एक उनका सही अवरोही अनुक्रम है ?

(a) 1 – 2 – 4 – 3

(b) 1 – 2 – 3 – 4

(c) 3 – 1 – 2 – 4

(d) 2 – 3 – 1 – 4

**82.** एक द्वि-अधिकार बाजार के विषय में जहाँ फर्म A और B हैं, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यदि दोनों फर्म अनुगामी के रूप में कार्य करती हैं, तो उनके पास प्रतिक्रिया फलन होंगे ।
2. यदि फर्म A अग्रणी के रूप में और फर्म B अनुगामी के रूप में कार्य करती है, तो फर्म A के पास कोई प्रतिक्रिया फलन नहीं होगा ।
3. यदि दोनों फर्म अग्रणी के रूप में कार्य करती हैं, तो इसका परिणाम आर्थिक युद्ध होगा ।

उपर्युक्त में से कौनसे कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 2 और 3

**83.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I* | *सूची II* |
|---|---|
| A. बाजार विफलता | 1. कुल अधिशेष का शुद्ध घाटा |
| B. बाह्यताएँ | 2. कुल उपभोक्ताओं और उत्पादकों के अधिशेष का अधिकतमीकरण |
| C. आर्थिक दक्षता | 3. एक व्यक्ति के कार्यों का दूसरे व्यक्तियों के कल्याण पर प्रभाव |
| D. कुल भार हानि | 4. जब कीमतें उपभोक्ताओं और उत्पादकों को उपयुक्त संकेत दे पाने में असफल रहती हैं |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**84.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

रिकार्डो के वितरण के सिद्धांत के अनुसार

1. लगान कीमत-निर्धारित है ।
2. भूमि के अनेक वैकल्पिक उपयोग हो सकते हैं ।
3. सीमांत भूमि कोई लगान अर्जित नहीं करती ।
4. लगान इस अर्थ में अधिशेष है क्योंकि यह हस्तांतरण अर्जन से उपरिराशि है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसे सही हैं ?

(a) 1, 2 और 4

(b) 1, 3 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 4

85. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I | List II |
|---|---|
| A. Firm-equilibrium in perfect competition | 1. MC = MR, MC curve must cut the MR curve from below |
| B. Firm-equilibrium in monopoly market | 2. TR = TC |
| C. Zero profit condition | 3. MC = MR, Price demand elasticity is greater than one |
| D. Market equilibrium | 4. Demand = Supply |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

86. If two commodities are perfectly substitutable (competitive), the direction of change of the cross elasticity of demand between them will be

(a) zero

(b) positive

(c) negative

(d) infinity

87. From which of the following axioms does the property that 'indifference curves for a consumer ***cannot*** intersect each other', follow ?

1. Axiom of non satiation
2. Axiom of transitivity
3. Axiom of reflexivity
4. Axiom of convexity

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3

(b) 1 and 4

(c) 2 and 3

(d) 1 and 2

88. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I* *(Nature of $MRS_{xy}$)* | *List II* *(Shape of Indifference curve)* |
|---|---|
| A. $MRS_{xy}$ is equal to zero | 1. Convex to the origin |
| B. $MRS_{xy}$ is constant | 2. Concave to the origin |
| C. $MRS_{xy}$ is positive | 3. L shaped (Right angle) |
| D. $MRS_{xy}$ is negative | 4. Straight line with negative slope |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

85. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| A. | पूर्ण प्रतियोगिता में फर्म-संतुलन | 1. | MC = MR, MC वक्र MR वक्र को अवश्य नीचे से काटे |
| B. | एकाधिकार बाजार में फर्म-संतुलन | 2. | TR = TC |
| C. | शून्य लाभ दशा | 3. | MC = MR, कीमत माँग लोच एक से अधिक है |
| D. | बाजार संतुलन | 4. | माँग = पूर्ति |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

86. यदि दो वस्तुएँ पूर्णतः प्रतिस्थाप्य (प्रतियोगी) हैं, तो उन दोनों के बीच माँग प्रतिलोच के परिवर्तन की दिशा क्या होगी ?

(a) शून्य

(b) धनात्मक

(c) ऋणात्मक

(d) अनंत

87. निम्नलिखित में से किन-किन अभिगृहीतों से यह गुण अनुगमित होता है कि 'उपभोक्ता के उदासीन वक्र एक-दूसरे को परस्पर ***नहीं*** काट सकते' ?

1. असंतृप्ति-अभिगृहीत
2. संक्रामिता-अभिगृहीत
3. प्रतिवर्तिता-अभिगृहीत
4. उत्तलता-अभिगृहीत

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 3

(b) 1 और 4

(c) 2 और 3

(d) 1 और 2

88. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I* (*$MRS_{xy}$ की प्रकृति*) | | *सूची II* (*उदासीन वक्र का आकार*) | |
|---|---|---|---|
| A. | $MRS_{xy}$ शून्य के बराबर | 1. | मूल के प्रति उत्तल |
| B. | $MRS_{xy}$ स्थिर है | 2. | मूल के प्रति अवतल |
| C. | $MRS_{xy}$ धनात्मक है | 3. | L आकार (समकोण) |
| D. | $MRS_{xy}$ ऋणात्मक है | 4. | ऋणात्मक ढलान वाली सरल रेखा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

89. In the long run, the cost and output relationship depends on which one of the following ?

(a) Return to scale

(b) Fixed proportion of the variables

(c) Return to the variable factor

(d) Return to the fixed factor

90. Balance on Capital account refers to the

(a) nation's net exports of goods and services

(b) nation's net exports of financial claims

(c) nation's net exports of international official reserve assets

(d) nation's sum of net exports of goods, services and financial claims

91. With which one of the following does the Prebisch – Singer hypothesis deal ?

(a) Terms of trade of less developed countries

(b) Terms of trade of developed countries

(c) Balance of payments of less developed countries

(d) Balance of payments of developed countries

92. The effect of trade with different production possibilities curves and identical indifference curves is to make a country

(a) more specialized in consumption and less specialized in production

(b) more specialized in production and less specialized in consumption

(c) less specialized both in consumption and in production

(d) more specialized both in consumption and in production

93. Keynes states that the aggregate demand function is

(a) an increasing function of the level of employment

(b) a decreasing function of the level of employment

(c) a constant function of the level of employment

(d) not related to the level of employment

94. Consider the following statements :

1. Bond price and interest rate vary indirectly.

2. A tax on personal income reduces disposable income.

3. According to Say's Law, demand creates its own supply.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

95. Imposition of a tariff will change the income distribution of the tariff-imposing country in favour of the scarce factor and against the abundant factor. This is known as

(a) Leontief paradox

(b) Lerner paradox

(c) Stolper – Samuelson theorem

(d) Metzler paradox

**89.** निम्नलिखित में से किस एक में दीर्घकाल में लागत और उत्पाद का सहसम्बन्ध निर्भर करता है ?

(a) पैमाने का प्रतिफल

(b) चरों का स्थिर अनुपात

(c) चल उपादान का प्रतिफल

(d) स्थिर उपादान का प्रतिफल

**90.** पूँजी लेखा शेष निम्नलिखित में से किस एक को निर्दिष्ट करता है ?

(a) राष्ट्र की वस्तुओं और सेवाओं का शुद्ध निर्यात

(b) राष्ट्र के वित्तीय दावों का शुद्ध निर्यात

(c) राष्ट्र की अंतर्राष्ट्रीय शासकीय आरक्षित परिसम्पत्तियों का शुद्ध निर्यात

(d) राष्ट्र की वस्तुओं, सेवाओं और वित्तीय दावों के शुद्ध निर्यात का योग

**91.** प्रेबिश – सिंगर प्राक्कल्पना निम्नलिखित में से किस एक से सम्बन्ध रखती है ?

(a) कम विकसित देशों की आयात-निर्यात स्थिति

(b) विकसित देशों की आयात-निर्यात स्थिति

(c) कम विकसित देशों का भुगतान संतुलन

(d) विकसित देशों का भुगतान संतुलन

**92.** विभिन्न उत्पादन सम्भावना वक्रों और समान उदासीनता वक्रों के साथ व्यापार करने का प्रभाव एक देश को क्या बनाना होता है ?

(a) उपभोग में अपेक्षाकृत अधिक विशेषज्ञ तथा उत्पादन में कम विशेषज्ञ

(b) उत्पादन में अपेक्षाकृत अधिक विशेषज्ञ तथा उपभोग में कम विशेषज्ञ

(c) उपभोग और उत्पादन दोनों में ही कम विशेषज्ञ

(d) उपभोग और उत्पादन दोनों में ही अधिक विशेषज्ञ

**93.** केन्स ने बताया कि समग्र माँग फलन

(a) रोजगार के स्तर का वर्धमान फलन है

(b) रोजगार के स्तर का ह्रासमान फलन है

(c) रोजगार के स्तर का समान फलन है

(d) रोजगार के स्तर से सम्बन्ध नहीं रखता है

**94.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बॉन्ड कीमत एवं ब्याज दर अप्रत्यक्ष रूप से परिवर्तित होते हैं ।

2. व्यक्तिगत आय पर कर प्रयोज्य आय को कम कर देता है ।

3. से के नियम के अनुसार, माँग अपनी स्वयं पूर्ति करती है ।

उपर्युक्त में से कौनसे कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**95.** टैरिफ का लगाना, टैरिफ लगाने वाले देश में आय वितरण का बदलाव दुर्लभ उपादान के पक्ष में और बाहुल्य उपादान के विपक्ष में करेगा । इसे किस रूप में जाना जाता है ?

(a) लियोन्टिफ विरोधाभास

(b) लर्नर विरोधाभास

(c) स्टोल्पर – सैमुअलसन प्रमेय

(d) मेट्ज़्लर विरोधाभास

96. Consider the following statements :

When factor intensity reversal occurs

1. Heckscher – Ohlin trade model fails.
2. factor price equalization theorem fails.
3. elasticity of substitution of one factor for the other is much higher in the production of a commodity.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

97. Which of the following are the measures of Integrated Slum Development Programme adopted in India in the $11^{th}$ Five Year Plan ?

1. Creating and updating database on slums.
2. Using land as a resource for housing and shelter development for slum dwellers.
3. Asking slum dwellers to apply for house loan from government.
4. Granting tenure security to slum dwellers.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 4 only

(d) 1, 2 and 4

98. Under which one of the following conditions is the gain from international trade maximised ?

(a) Marginal rate of transformation (MRT) in production is equal to the marginal rate of substitution (MRS) in consumption

(b) MRT in production is greater than MRS in consumption

(c) MRT in production is less than MRS in consumption

(d) MRT in production and MRS in consumption are equal to international price ratio

99. Consider the following statements regarding argument for free trade :

1. Free trade leads to maximisation of output, income and employment.
2. Free trade prevents monopoly.
3. Free trade protects domestic industries.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

100. If a producer pays the price for each of the inputs that it uses, equal to its value of marginal product, then which one of the following does it earn ?

(a) Positive supernormal profit

(b) Zero supernormal profit

(c) Negative supernormal profit

(d) Monopoly profit

96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

जब उपादान गहन विपर्यास उत्पन्न होता है

1. तब हैक्शचर – ओह्लिन ट्रेड मॉडल असफल हो जाता है ।
2. तब उपादान कीमत समानीकरण प्रमेय असफल हो जाता है ।
3. तब एक उपादान की दूसरे उपादान के लिए स्थानापत्ति लोच वस्तु के उत्पादन में अत्यधिक होती है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

97. भारत में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में निम्नलिखित में से कौनसे उपाय समन्वित गंदी-बस्ती विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत अपनाए गए हैं ?

1. गंदी-बस्ती के आँकड़ों को तैयार करना तथा अद्यतन करना ।
2. भूमि को आवास हेतु संसाधन के रूप में प्रयोग करना तथा गंदी-बस्ती निवासियों के लिए आवासों का विकास करना ।
3. गंदी-बस्ती निवासियों को सरकार से आवासीय ऋण लेने को कहना ।
4. गंदी-बस्ती निवासियों को अवधि विषयक सुरक्षा प्रदान करना ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2 और 4

98. निम्नलिखित दशाओं में से किस एक में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लाभ अधिकतम होते हैं ?

(a) उत्पादन की रूपांतरण सीमांत दर (MRT) उपभोग की स्थानापत्ति सीमांत दर (MRS) के बराबर होती है
(b) उत्पादन की MRT उपभोग की MRS से अधिक होती है
(c) उत्पादन की MRT उपभोग की MRS से कम होती है
(d) उत्पादन की MRT तथा उपभोग की MRS अंतर्राष्ट्रीय कीमत अनुपात के बराबर होती है

99. मुक्त व्यापार के पक्ष में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मुक्त व्यापार, उत्पाद, आय एवं रोजगार को अधिकतम करता है ।
2. मुक्त व्यापार एकाधिकार को रोकता है ।
3. मुक्त व्यापार घरेलू उद्योगों को संरक्षण देता है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

100. यदि एक उत्पादक द्वारा प्रत्येक आगत हेतु दी गई कीमत उसके सीमांत उत्पाद के मूल्य के बराबर होती है, तब वह निम्नलिखित में से कौनसा एक लाभ अर्जित करेगा ?

(a) धनात्मक अधिसामान्य लाभ
(b) शून्य अधिसामान्य लाभ
(c) नकारात्मक अधिसामान्य लाभ
(d) एकाधिकारी लाभ

101. Marshall – Lerner condition states that the foreign exchange market would be stable if the sum of the price elasticities of the demand for imports and the demand for exports is

(a) greater than one

(b) less than one

(c) equal to one

(d) equal to zero

102. Consider the following statements :

Under flexible exchange rate system, balance of payments disequilibria are corrected by

1. changes in the exchange rates.

2. international flow of money and reserves.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

103. Which one of the following is implied by interest parity ?

(a) Interest rates are at par in all the countries

(b) Movements in spot rates and forward rates in the foreign exchange market are same

(c) Potential holders of foreign currency deposits view them as not equally desirable asset

(d) A condition that the expected returns on deposits of any two countries are equal when measured in the same currency

104. Which one of the following best describes the nineteenth century gold standard system ?

(a) Regulated system with floating exchange rates

(b) Automatic system with fixed exchange rates

(c) Regulated system with fixed exchange rates

(d) Automatic system with floating exchange rates

105. Consider the following statements regarding the features of the World Bank :

1. The Board of Governors is the supreme body.

2. The voting power of the governor of a member country is related to the financial contribution of the country concerned.

3. It gives short-term loan to its members to correct their temporary balance of payments disequilibrium.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

106. Which of the following is/are the reasons for the collapse of Bretton – Woods system ?

1. The refusal by the U.S. Treasury to convert short term liability into gold.

2. The U.S. move to make dollar inconvertible.

3. The devaluation of U.S. dollar in 1973.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

101. मार्शल – लर्नर दशा यह बतलाती है कि विदेशी मुद्रा बाजार स्थिर रहेगा यदि आयातों के माँग की कीमत लोचों और निर्यातों के माँग की कीमत लोचों का योग

(a) एक से अधिक है

(b) एक से कम है

(c) एक के बराबर है

(d) शून्य है

102. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

नम्य विनिमय दर व्यवस्था में, भुगतान संतुलन के असंतुलनों को

1. विनिमय दरों में परिवर्तन लाकर सही किया जाता है ।
2. मुद्रा और आरक्षित निधि के अंतर्राष्ट्रीय प्रवाह द्वारा सही किया जाता है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

103. निम्नलिखित में से कौनसा एक, ब्याज समानता का निहितार्थ है ?

(a) सभी देशों में ब्याज दरें सममूल्य पर हैं

(b) विदेशी विनिमय बाजार में हाज़िर दरों एवं वायदा दरों का संचलन समान होता है

(c) विदेशी मुद्रा जमाओं के सम्भाव्य धारक उन्हें समानतः वांछनीय नहीं परिसम्पत्ति के रूप में देखते हैं

(d) एक दशा जो यह बताती है कि किन्हीं दो देशों की जमाओं पर प्रत्याशित प्रतिफल, जब एक ही मुद्रा में मापे जाते हैं, समान होते हैं.

104. उन्नीसवीं शताब्दी की स्वर्ण मान व्यवस्था को निम्नलिखित में से कौनसा एक, सर्वोत्कृष्ट वर्णित करता है ?

(a) तिरती विनिमय दरों वाली विनियमित व्यवस्था

(b) स्थिर विनिमय दरों वाली स्वचल व्यवस्था

(c) स्थिर विनिमय दरों वाली विनियमित व्यवस्था

(d) तिरती विनिमय दरों वाली स्वचल व्यवस्था

105. विश्व बैंक की विशेषताओं से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बोर्ड ऑफ गवर्नर्स सर्वोच्च निकाय है ।
2. एक सदस्य देश के गवर्नर का मताधिकार तत्सम्बन्धित देश के वित्तीय अंशदान से सम्बन्धित होता है ।
3. यह अपने सदस्यों को अल्पकालिक ऋण अपने अस्थायी भुगतान संतुलन के असंतुलनों को ठीक करने के लिए देता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

106. ब्रेटन – वुड्स व्यवस्था की विफलता के लिए निम्नलिखित में से कौन सा/से कारण है/हैं ?

1. अमेरिकी कोषागार द्वारा अल्पकालिक देयताओं को स्वर्ण में परिवर्तित करने से मना करना ।
2. अमेरिका की डालर को अपरिवर्तनीय बनाने की कार्रवाई ।
3. अमेरिकी डालर का 1973 में अवमूल्यन ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

107. Tariffication refers to

(a) replacement of quotas by tariffs only

(b) replacement of all existing non-tariff restrictions by tariff

(c) scaling down of tariffs in general

(d) obtaining sanction to increase tariff rates

108. Which one of the following is ***not*** correct in the context of IS and LM framework of the theory of interest ?

(a) It integrates money, interest and income into a general equilibrium model of product and money market

(b) Investment and interest are the two important variables in the model

(c) The theory is propounded by J.R. Hicks

(d) IS represents the money market equilibrium and LM represents the product market equilibrium

109. The accelerator model predicts that the changes in investment is determined by the changes in

(a) inventory

(b) capital

(c) interest

(d) output

110. If $\Delta Y$ = change in national income, $\Delta I$ = change in investment, and k = value of multiplier, then the relationship can be written as

(a) $\Delta Y = \Delta I / k$

(b) $\Delta Y = \Delta I . k$

(c) $\Delta Y = k / \Delta I$

(d) $\Delta Y = I . \Delta k$

111. Given, MPC = 0·8 and the threshold consumption = 100, which one of the following is the corresponding saving function ?

(a) 100 + 0·2 Y

(b) – 100 + 0·8 Y

(c) – 100 + 0·2 Y

(d) 400 + 0·2 Y

112. According to the classical theory of employment, deviations from the state of full employment are of

(a) permanent nature

(b) purely temporary nature

(c) imaginary situations

(d) normal situations

113. The costs of factors of production, supplied by the entrepreneur himself are known as

(a) implicit costs

(b) explicit costs

(c) fixed costs

(d) variable costs

114. Effective demand is that level of demand at which

(a) aggregate demand is more than aggregate supply

(b) aggregate demand is less than aggregate supply

(c) aggregate demand is equal to aggregate supply

(d) output is maximum

**107.** प्रशुल्कीकरण किसे निर्दिष्ट करता है ?

(a) कोटा का केवल प्रशुल्कों द्वारा प्रतिस्थापन

(b) सभी प्रचलित ग़ैर-प्रशुल्कीय प्रतिबंधों का प्रशुल्क द्वारा प्रतिस्थापन

(c) प्रशुल्कों को सामान्यतः कम करना

(d) प्रशुल्क दरों को बढ़ाने की संस्वीकृति प्राप्त करना

**108.** निम्नलिखित में से कौनसा एक, ब्याज के सिद्धांत के IS और LM ढाँचे के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

(a) यह मुद्रा, ब्याज तथा आय को उत्पाद और मुद्रा बाजार के सामान्य संतुलन मॉडल में एकीकृत करता है

(b) निवेश व ब्याज दर मॉडल के अन्तर्गत दो महत्त्वपूर्ण चर हैं

(c) यह सिद्धांत जे.आर. हिक्स द्वारा प्रतिपादित है

(d) IS मुद्रा बाजार संतुलन को निरूपित करता है और LM उत्पाद बाजार संतुलन को निरूपित करता है

**109.** त्वरक मॉडल पूर्वानुमान लगाता है कि निवेश में परिवर्तन

(a) इन्वेंट्री के परिवर्तनों द्वारा निर्धारित होता है

(b) पूँजी के परिवर्तनों द्वारा निर्धारित होता है

(c) ब्याज के परिवर्तनों द्वारा निर्धारित होता है

(d) उत्पाद के परिवर्तनों द्वारा निर्धारित होता है

**110.** यदि $\Delta Y$ = राष्ट्रीय आय में परिवर्तन, $\Delta I$ = निवेश में परिवर्तन, और $k$ = गुणक मूल्य है, तब सम्बन्ध किस तरह लिखा जा सकता है ?

(a) $\Delta Y = \Delta I / k$

(b) $\Delta Y = \Delta I \,.\, k$

(c) $\Delta Y = k / \Delta I$

(d) $\Delta Y = I \,.\, \Delta k$

**111.** दिया गया है, MPC = 0·8 और देहली उपभोग = 100 है, निम्नलिखित में से कौनसा एक संगत बचत फलन है ?

(a) 100 + 0·2 Y

(b) – 100 + 0·8 Y

(c) – 100 + 0·2 Y

(d) 400 + 0·2 Y

**112.** रोजगार के क्लासिकी सिद्धांत के अनुसार, पूर्ण रोजगार दशा से विचलन

(a) स्थायी प्रकृति का होता है

(b) शुद्ध अस्थायी प्रकृति का होता है

(c) काल्पनिक स्थितियाँ हैं

(d) सामान्य स्थितियाँ हैं

**113.** उद्यमी द्वारा स्वयं पूर्ति किए गए उत्पादन के उपादानों की लागतों को

(a) अन्तर्निहित लागतों के रूप में जाना जाता है

(b) सुव्यक्त लागतों के रूप में जाना जाता है

(c) स्थिर लागतों के रूप में जाना जाता है

(d) परिवर्ती लागतों के रूप में जाना जाता है

**114.** प्रभावी माँग, माँग का वह स्तर है जिस पर


(a) समग्र माँग समग्र पूर्ति से अधिक होती है

(b) समग्र माँग समग्र पूर्ति से कम होती है

(c) समग्र माँग समग्र पूर्ति के बराबर होती है

(d) उत्पाद अधिकतम होता है

115. Consider the following two demand curves $DD_1$, and $DD_2$. Supposing km = mn, which one of the following is the price elasticity of demand at point m ?




(a) It is the same as the price elasticity of demand at point n

(b) It is greater than the price elasticity of demand at point n

(c) It is smaller than the price elasticity of demand at point n

(d) It is half the price elasticity of demand at point n

***Directions** : The following five (5) items consist of two statements, one labelled as the 'Assertion (A)' and the other as 'Reason (R)'. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the codes given below :*

**Codes :**

(a) Both A and R are individually true and R is the correct explanation of A

(b) Both A and R are individually true but R is ***not*** the correct explanation of A

(c) A is true but R is false

(d) A is false but R is true

116. *Assertion (A) :* Marginal cost curve is U shaped.

*Reason (R) :* The law of variable proportions operates in production sphere.

117. *Assertion (A) :* A firm under monopolistic competition incurs extra expenditure on advertisement.

*Reason (R) :* There is free entry and free exit of firms under monopolistic competition.

118. *Assertion (A) :* The money creation multiplier is equal to the reciprocal of the minimum reserve ratio.

*Reason (R) :* The banking system as a whole can grant new credit up to an amount of excess reserves.


119. *Assertion (A) :* Inflationary gap is caused by excess demand.

*Reason (R) :* Excess demand is due to scarcity of supply of money.

120. *Assertion (A) :* The doctrine of unbalanced growth is based on creation of imbalances in the economy in a conscious manner.

*Reason (R) :* Unequal development of various sectors often generates conditions for rapid development.

**115.** निम्नलिखित दो माँग वक्रों $DD_1$ और $DD_2$ पर विचार कीजिए। माना km = mn है, बिन्दु m पर निम्नलिखित में से कौनसी एक, माँग की कीमत लोच है ?




(a) यह बिन्दु n पर माँग की कीमत लोच के बराबर है

(b) यह बिन्दु n पर माँग की कीमत लोच से अधिक है

(c) यह बिन्दु n पर माँग की कीमत लोच से कम है

(d) यह बिन्दु n पर माँग की कीमत लोच से आधी है

**निर्देश :** *आगामी पाँच (5) प्रश्नांशों में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इन प्रश्नांशों का उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए :*

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है

(c) A सही है, परन्तु R ग़लत है

(d) A ग़लत है, परन्तु R सही है

**116.** *कथन (A) :* सीमांत लागत वक्र U आकार का होता है।

*कारण (R) :* परिवर्ती अनुपात का नियम उत्पादन के क्षेत्र में लागू होता है।

**117.** *कथन (A) :* एकाधिकारी प्रतियोगिता वाली फर्म विज्ञापन पर अतिरिक्त व्यय करती है।

*कारण (R) :* एकाधिकारी प्रतियोगिता में फर्मों का स्वतंत्र प्रवेश तथा निकास होता है।

**118.** *कथन (A) :* मुद्रा सर्जन गुणक, न्यूनतम आरक्षित अनुपात के प्रतिलोम के बराबर होता है।

*कारण (R) :* संपूर्ण बैंकिंग व्यवस्था बेशी रिज़र्व राशि तक नए ऋण मंजूर कर सकती है।

**119.** *कथन (A) :* स्फीति अंतराल अतिरिक्त माँग के कारण होता है।

*कारण (R) :* अतिरिक्त माँग मुद्रा की पूर्ति की दुर्लभता के कारण होती है।

**120.** *कथन (A) :* असंतुलित संवृद्धि का सिद्धांत सचेतन तरीके से अर्थव्यवस्था में असंतुलन उत्पन्न करने पर आधारित होता है।

*कारण (R) :* विभिन्न क्षेत्रकों का असमान विकास प्रायः द्रुतगामी विकास की दशाओं को उत्पन्न करता है।

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी.बी.सी. : P-DTQ-J-FDP**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## अर्थशास्त्र

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 300*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.